मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में अभी लंबी राह तय करनी है : दीपिका पादुकोण

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

दीपिका पादुकोण का कहना है कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर शुरू हुई चर्चा से स्थिति पहले से बेहतर हुई है लेकिन अब भी इस दिशा में लंबी राह तय करनी है।'लीव, लव, लाफ फाउंडेशन' की स्थापना करने वाली अदाकार राष्ट्रीय राजधानी में अपनी इस पहल की 'लेक्चर सीरीज' के उद्घाटन समारोह में पहुंची थीं। इस सीरीज में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में फैले भ्रांतियों पर चर्चा की जाएगी। दीपिका ने पत्रकारों से कहा, '' समाज में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जारी चर्चा की जहां तक बात है, मुझे लगता है कि स्थिति पहले से काफी बेहतर हुई है। लेकिन निश्चित तौर पर हमें इस दिशा में और जागरूकता फैलाने के लिए अधिक कदम उठाने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस पर खुलकर चर्चा होने लगी है। इसको लेकर लोग अब उस तरह लोग झिझकते नहीं हैं, जितना पहले झिझकते थे। फिल्म 'पद्मावत' की अदाकारा 2014 में 'क्लिनिकल डिप्रेशन' का शिकार हुई थी और अगले साल उन्होंने इसको सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया था। वर्ष 2015 में ही अदाकारा ने फाउंडेशन की शुरुआत कर मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलानी शुरू की थी। दीपिका (33) ने कहा कि 'लेक्चर सीरीज' का मकसद विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को एक साथ लाना और मानसकि स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाना है। अदाकारा ने इस दिशा में मीडिया की भूमिका की भी सराहना की। पुलित्जर पुरस्कार विजेता लेखक एवं पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित सिद्धार्थ मुखर्जी ने 'लेक्चर सीरीज' में पहला व्याख्यान दिया। दीपिका की बहन एवं पेशेवर गोल्फर अनीशा पादुकोण भी समारोह में मौजूद थी।

अगली फिल्म के लिए अभिषेक बच्चन और इलियाना डिक्रूज ने शुरू की शूटिंग

डायरेक्टर अनुराग कश्यप की फिल्म मनमर्जियां में बेहतरीन परफॉर्मेंस देने के बाद अभिषेक बच्चन एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर वापसी को तैयार हैं। इस बार वह डायरेक्टर कूकी गुलाटी की अगली फिल्म में काम करते दिखाई देंगे। फिल्म में अभिषेक के साथ लीड रोल में इलियाना डिक्रूज होंगी। अभिषेक ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है कि इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। अभिषेक ने क्लैपबोर्ड की एक इमेज शेयर करते हुए यह जानकारी दी है। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर रोहित शेट्टी की %बोल बच्चन% के बाद अभिषेक और अजय देवगन साथ आ रहे हैं। इस फिल्म को अजय देवगन की कंपनी प्रड्यूस कर रही है। बता दें कि इससे पहले हमारे सहयोगी अखबार मुंबई मिरर ने बताया था कि यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित होगी। पहले यह जानकारी सामने आई थी कि यह फिल्म साल 1990 से 2000 के बीच भारत की फाइनैंशल कंडिशन के ऊपर आधारित है। अजय को फिल्म का टॉपिक काफी पसंद आया था और तुरंत इस फिल्म को प्रड्यूस करने के लिए राजी हो गए। बताया जा रहा है कि फिल्म में इलियाना का काफी स्ट्रॉन्ग कैरक्टर है लेकिन वह अभिषेक के ऑपोजिट नहीं होंगी। अभिषेक के ऑपोजिट रोल के लिए अभी हिरोइ की तलाश की जा रही है।

आलिया और रणवीर ने करण जौहर की तख्त पर शुरू किया काम

आलिया भट्ट ने फाइनली करण जौहर की फिल्म तख्त पर काम शुरू कर दिया है। वह हाल ही में करण जौहर के ऑफिस गई थीं। ऐसा कहा जा रहा है कि आलिया भट्ट फिल्म पर चर्चा करने के लिए करण जौहर के ऑफिस गई थीं, इससे यही लग रहा है कि फिल्म जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर एक विडियो शेयर किया, जिसमें एक लाल रंग कप रखा हुआ है और उस पर तख्त लिखा हुआ है।



कप के साथ करण जौहर भी नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही धर्मा प्रॉडक्शन्स के ऑफिस में आलिया भट्ट के साथ रणवीर सिंह भी थे। करण जौहर की इस पीरियड ड्रामा में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह के अलावा अनिल कपूर, करीना कपूर, भूमि पेडनेकर, विक्की कौशल और जाह्नवी कपूर महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। ऐसा कहा जा रहा कि फिल्म की शूटिंग जनवरी, 2020 में शुरू होगी और साल के आखिरी में फिल्म रिलीज होगी। कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर एक विडियो सामने आया जिसमें ऑफिस के अंदर एक बोर्ड दिखाई दे रहे है, जिस पर पूरी लीड स्टार कास्ट नजर आ रही है। डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की फिल्म इंशाअल्लाह को लेकर सामने आए कई संशय के बाद आलिया भट्ट ने फिल्म तख्त पर जल्द काम कर दिया है।